BYJU'S
EXAM PREP



# साप्ताहिक वन लाइनर्स

8-14 सितंबर 2021







# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

# 8-14 सितंबर 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट दूसरे **सप्ताह** (8-14) **सितंबर 2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

**1.** एशियाई विकास बैंक (ADB) ने कहां पर शहरी गरीबों के लिए समावेशी, लचीला तथा टिकाऊ आवास प्रदान करने हेतु 150 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी______**तमिलनाडु।**

**नोट:**

- तमिलनाडु राज्य भारत के आर्थिक विकास हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में 8.54 प्रतिशत का योगदान देता है।
- आर्थिक अवसरों ने राज्य में ग्रामीण-शहरी प्रवास बढ़ा दिया है, जहां की शहरीकरण दर भारत में पहले से ही सबसे अधिक है।
- तमिलनाडु स्लम क्लीयरेंस बोर्ड के माध्यम से ADB द्वारा स्वीकृत 150 मिलियन डॉलर ऋण की सहायता से, निर्धन आवास परियोजना 9 विभिन्न स्थानों पर आवास इकाइयों के निर्माण में मदद करेगी।

**2.** किस बैंक ने अपने व्यापारिक ग्राहकों हेतु व्यावसायिक भुगतान के लिए एक ऑल-इन-वन प्वाइंट-ऑफ-सेल (POS) स्वाइप मशीन 'WisePOSGo' लॉन्च की है_____**कर्नाटक बैंक।**

**नोट:**

- इसे एमस्वाइप टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से लॉन्च किया गया है।
- WisePOSGo: छोटी, हल्की और प्रयोक्ता अनुकूल डिवाइस, जिसे बैंक के MSME ग्राहकों की विशिष्ट लागत-केंद्रित आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।
- भुगतान संसाधन के अलावा, व्यापारी WisePOSGo स्वाइप मशीन का उपयोग करके कॉल भी कर सकते हैं।

**3.** सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र को ऋण सहायता प्रदान करने के लिए किस बैंक ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_____**HDFC बैंक।**

**नोट:**

- HDFC बैंक शाखाएं MSME परियोजनाओं को उनके स्थापित क्षेत्रों और देश भर के अन्य महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों में सहायता प्रदान करेंगी।
- NSIC सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) के अंतर्गत भारत सरकार का एक ISO 9001:2015 प्रमाणित उद्यम है।

**4.** जलापूर्ति अवसंरचना विकसित करने तथा बेहतर सेवा वितरण हेतु शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता मजबूत करने के लिए भारत सरकार के किस राज्य और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने 112 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं _______**झारखंड।**

**नोट:**

- यह परियोजना राज्य में ADB की पहली शहरी परियोजना होगी और टिकाऊ संचालन के लिए नीतिगत सुधारों के साथ संयुक्त जल आपूर्ति हेतु एक मॉडल स्थापित करने में मदद करेगी, जिसे राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत परिकल्पित शहरी परिवारों को सुरक्षित पेयजल आपूर्ति के लिए अन्य निम्न आय वाले राज्यों द्वारा प्रतिकृत किया जा सकता है।
- ADB अति निर्धनता मिटाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए एक समृद्ध, समावेशी, लचीला और टिकाऊ एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**5.** भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने कहां पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रोत्साहन में सहायता हेतु ग्राम्य संपर्क में सुधार लाने के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण के रूप में 300 मिलियन डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए हैं_____**महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- वर्तमान में जारी महाराष्ट्र ग्रामीण संपर्क सुधार परियोजना हेतु अतिरिक्त वित्तपोषण से 34 जिलों में कुल 2,900 किलोमीटर सहित 1,100 ग्रामीण सड़कों एवं 230 पुलों के सुधार में मदद मिलेगी।

**6.** सितंबर 2021 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय एवं क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार के बाद किस सार्वजनिक क्षेत्र को प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन (PCA) फ्रेमवर्क से बाहर कर दिया______**यूको बैंक।**

**नोट:**

- यह निर्णय बैंक को विशेष रूप से निगमों और निर्धारित मानदंडों के अधीन नेटवर्क विकसित करने के लिए ऋण प्रदान करने की अधिक आजादी देता है।
- कोलकाता स्थित मुख्यालय वाले बैंक को उच्च नॉन परफॉर्मिंग ऐसेट (NPA) और ऋणात्मक रिटर्न ऑन ऐसेट (RoA) के कारण मई 2017 में PCA के अधीन रखा गया था।

**7.** किस बैंक ने एक जगह पर सभी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है________**बैंक ऑफ बड़ौदा।**

**नोट:**

- बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक जगह पर सभी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए 'बॉब वर्ल्ड' नामक अपना डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।
- इस प्लेटफॉर्म का प्रायोगिक परीक्षण 23 अगस्त, 2021 को शुरू हुआ।
- यह ग्राहकों की सुविधा के लिए एक जगह पर सभी डिजिटल बैंकिंग सेवाएं शामिल करते हुए, एक सर्व-समावेशी और निर्बाध वर्चुअल बैंकिंग अनुभव के साथ 220 से अधिक सेवाएं प्रदान करेगा।

**8.** भारत सरकार द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO) के प्रबंधन के लिए कितने मर्चेंट बैंकरों की नियुक्ति की गई है, जिसके जनवरी-मार्च तिमाही 2022 में शुरू होने की संभावना है______**10।**

**नोट:**

- IPO के मामले में मर्चेंट बैंकरों की भूमिका निर्गम प्रबंध, विज्ञापन संबंधी गतिविधि, सामूहिक ऋण प्रबंधन, प्रॉजेक्ट काउंसलिंग और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट आदि की होती है।
- इन मर्चेंट बैंकरों के नाम गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज इंडिया, SBI कैपिटल मार्केट, जेएम फाइनेंशियल, एक्सिस कैपिटल, बोफा सिक्योरिटीज, जेपी मॉर्गन इंडिया, ICICI सिक्योरिटीज और कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड हैं।

**9.** केंद्र सरकार ने टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए कितने मूल्य की प्रोडक्शन-लिंक्ड इनिशिएटिव (PLI) योजना को मंजूरी दी ______**10,683 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- घरेलू विनिर्माण तथा निर्यात बढ़ाने के लिए इस PLI योजना को मंजूरी दी गई थी।
- योजना 7.5 लाख से अधिक लोगों के प्रत्यक्ष अतिरिक्त रोजगार और कई सहायक गतिविधियों के सृजन में मदद करेगी।
- टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए स्वीकृत पहल के एक भाग के रूप में, अदायगी पांच वर्षों की अवधि में की जाएगी।

**10.** SWIFT ग्लोबल पेमेंट्स इनोवेशन (GPI) के साथ साझेदारी में भारत में व्यवसायों के लिए सीमा पार संग्रह हेतु रीयल-टाइम ऑनलाइन ट्रैकिंग शुरू करने वाला भारत और एशिया-प्रशांत में पहला बैंक______**DBS बैंक।**

**नोट:**

- DBS ग्राहकों को यह सेवा प्रदान करने वाला भारत और एशिया-प्रशांत का पहला बैंक है, जिससे भारत में लगभग 4000 कॉर्पोरेट और SME ग्राहकों को लाभ मिलने की उम्मीद है, यह संख्या आगे बढ़ने की उम्मीद है।
- नई DBS SWIFT GPI इनकमिंग ट्रैकिंग कॉर्पोरेट खजांचियों को एंड-टू-एंड ट्रैकिंग जानकारी प्रदान करके बेहतर नकदी पूर्वानुमान सुविधा मुहैया कराएगी, जो कुछ वर्ष पहले संभव नहीं था।

**11.** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) के साथ साझेदारी में भारत की पहली फास्टैग आधारित मेट्रो पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने वाला भुगतान बैंक______**पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड।**

**नोट:**

- कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग सुविधा का अधिग्रहण करने वाला बैंक PPBL वैध फास्टैग वाली कारों के लिए सभी फास्टैग पर लेनदेन की प्रक्रिया को सुगम बनाएगा।
- इसके अतिरिक्त, PPBL ने पार्किंग में प्रवेश करने वाले दुपहिया वाहनों के लिए एक UPI आधारित भुगतान समाधान भी शुरू किया है।
- वर्तमान में यह सुविधा मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 6 पर उपलब्ध है और इसमें 55 चार पहिया तथा 174 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की जगह है।

**12.** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने प्लग-एंड-प्ले रूपे क्रेडिट कार्ड स्टैक, nFiNi लॉन्च करने के लिए किस भुगतान एवं वित्तीय सेवा प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ भागीदारी की______**फिनसर्व आईएनसी।**

**नोट:**

- **nFiNi**: रुपे क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए फिनटेक तथा बैंकों के लिए आवश्यक सेवाओं का तैयार स्टैक और फिनटेक को बैंक-प्रायोजित क्रेडिट कार्ड बनाने में सक्षम बनाएगा
- यह एक BaaS (बैंकिंग-एज़-ए-सर्विस) प्रोग्राम है।
- यह NPCI नेटवर्क के माध्यम से आवश्यक सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड सहित रुपे कार्डों को प्रेरित करेगा।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध व्यक्ति अजीज हाजिनी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे_________ **लेखक।**

**नोट:**

- हाजिनी उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के हाजिन सोनावारी इलाके से थे।

- उन्होंने जम्मू-कश्मीर कला, संस्कृति एवं भाषा अकादमी के सचिव समेत अकादमिक तथा साहित्यिक क्षेत्रों में कई पदों पर कार्य किया और कई पुस्तकें लिखीं।

**2.** प्रसिद्ध व्यक्ति ऑस्कर फर्नांडीस का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे ________ **अभिनेता।**

**नोट:**

- वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे और मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार में परिवहन, सड़क एवं राजमार्ग तथा श्रम एवं रोजगार के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी रहे थे।
- वह कर्नाटक के उडुपी से पांच बार लोकसभा सांसद थे।
- उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर के परिषद सदस्य के रूप में दो बार सेवा की।

**3.** प्रसिद्ध महिला रजनी कौल का हाल ही में निधन हो गया, वह अनुभवी थीं________ **न्यूज ब्रॉडकास्टर।**

**नोट:**

- रजनी कौल जो बीबीसी हिंदी की पहली समाचार प्रसारक थीं, का फरीदाबाद में निधन हो गया।
- वह अपने कार्यक्रम इन्द्रधनुष के लिए प्रसिद्ध थी।
- अविभाजित भारत के पेशावर में जन्मी कौल ने वाशिंगटन में वॉयस ऑफ अमेरिका (VOA) में शामिल होने से पहले नई दिल्ली में ऑल इंडिया रेडियो (AIR) के साथ काम किया, बाद में वह लंदन में बीबीसी में चली गईं।
- उनका विवाह प्रसिद्ध प्रसारण पत्रकार महेंद्र कौल से हुआ था और उन्होंने VOA तथा बीबीसी में एक साथ काम किया।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** मनाए जा रहे इस वर्ष के 'शिक्षक पर्व 2021' कॉन्क्लेव का विषय_________ **Quality and Sustainable Schools: Learnings from Schools in India**

**नोट:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'शिक्षक पर्व 2021' कॉन्क्लेव में बोलते हुए शिक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की।
- शिक्षकों के योगदान, महामारी के दौरान शिक्षण, NEP 2020 के तहत नई पहलों इत्यादि के सम्मान के लिए 'शिक्षक पर्व 2021' मनाया जा रहा है।
- शिक्षक पर्व शिक्षा मंत्रालय द्वारा मनाया जा रहा है।

**2.** विश्व आत्महत्या निषेध दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_______**10 सितंबर।**

**नोट:**

- इसे पहली बार 2003 में मनाया गया था।
- विषय 2021: Creating hope through action
- यह इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन (IASP), वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO) और वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ (WFMH) द्वारा आयोजित किया जाता है।

**3.** इंटरनेशनल डे टू प्रोटेक्ट एजुकेशन फ्रॉम अटैक विश्व स्तर पर मनाया जाता है_______**9 सितंबर।**

**नोट:**

- 2020 में पहली बार इंटरनेशनल डे टू प्रोटेक्ट एजुकेशन फ्रॉम अटैक की घोषणा की गई।
- दिवस का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों के लिए सुरक्षा तथा संरक्षण स्थानों के रूप में स्कूलों की सुरक्षा के महत्व और शिक्षा को सार्वजनिक एजेंडे में सर्वोपरि रखने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

**4.** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने हिमालय दिवस का आयोजन किया________ **9 सितंबर।**

**नोट:**

- इस वर्ष का विषय 'हिमालय का योगदान तथा हमारी जिम्मेदारियां' है। यह आयोजन वर्तमान में जारी 'आजादी का अमृत महोत्सव' का भाग था।
- हिमालय दिवस हर वर्ष 9 सितंबर को उत्तराखंड राज्य में मनाया जाता है। यह हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र तथा क्षेत्र के संरक्षण के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- इसे 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा आधिकारिक तौर पर हिमालय दिवस घोषित किया गया था।

**5.** दक्षिण-दक्षिण सहयोग का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है__________ **12 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस दक्षिण के क्षेत्रों और देशों द्वारा हाल के वर्षों में किए गए आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास की सराहना करता है।
- यह विकासशील देशों के बीच तकनीकी सहयोग पर काम करने हेतु संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों को भी उजागर करता है।

**6.** विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 2021 मनाया जाता है________ **11 सितंबर (हर वर्ष सितंबर के दूसरे शनिवार)।**

**नोट:**

- 2021 में यह दिवस 11 सितंबर, 2021 को मनाया जा रहा है।
- यह दिवस एक वार्षिक अभियान है जिसका उद्देश्य प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के महत्व को प्रोत्साहित करना और संकट के समय अधिक लोगों की जान बचाने के लिए इसकी पहुंच को बढ़ाना है।
- इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज (IFRC) के अनुसार, विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 2021 का विषय 'First aid and road safety' है।

**7.** हिंदी दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_________**14 सितंबर।**

**नोट:**

- भाषा को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत अंगीकृत किया गया था।
- पहला हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था।
- हिंदी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है क्योंकि 1949 में इसी दिन भारत की संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में अंगीकृत किया था।

## नई नियुक्तियां

**1.** भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) का नया प्रबंध निदेशक (MD) किसे नियुक्त किया गया __________ **हर्षा भूपेंद्र बंगारी।**

**नोट:**

- इससे पहले, वह एक्जिम बैंक में उप प्रबंध निदेशक के रूप में तैनात थीं।
- उन्हें तीन वर्ष की अवधि या सरकार के अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है।
- वह मौजूदा प्रबंध निदेशक डेविड रसकिन्हा की जगह लेंगी, जो 20 जुलाई 2014 से प्रबंध निदेशक का पद संभाल रहे थे।

**2.** एक प्रभावशाली समूह G20 के लिए भारत का शेरपा किन्हें नियुक्त किया गया है, जो दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है__________**पीयूष गोयल।**

**नोट:**

- उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु की जगह ली।
- G20 शिखर सम्मेलन 30 से 31 अक्टूबर तक इटली की अध्यक्षता में होगा।
- भारत 1 दिसंबर 2022 से G20 की अध्यक्षता करेगा और 2023 में पहली बार G20 लीडर्स समिट का आयोजन करेगा।

**3.** किस राज्य सरकार ने SBI के पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार को अपना आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया है_________ **आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- SBI के पूर्व अध्यक्ष, रजनीश कुमार का कैबिनेट रैंक के पद पर कार्यकाल दो वर्ष है।
- यह नियुक्ति राज्य की वित्तीय दशा पर बढ़ती चिंताओं के समय हुई है, जो कोविड महामारी से बुरी तरह प्रभावित है, क्योंकि विपक्ष वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा वितरित रियायतों एवं मुफ्त उपहरों को लेकर आलोचनात्मक रहा है।

**4.** वी. वैद्यनाथन को किस बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD तथा CEO) नियुक्त किया गया है _________ **IDFC फर्स्ट बैंक।**

**नोट:**

- उनकी नियुक्ति को RBI द्वारा तीन वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए मंजूर किया गया है।
- IDFC बैंक और कैपिटल फर्स्ट के विलय के बाद उन्होंने पहली बार दिसंबर 2018 में IDFC फर्स्ट बैंक के MD तथा CEO का पदभार संभाला।

**5.** याहू का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किन्हें नियुक्त किया गया_________**जिम लैनज़ोन।**

**नोट:**

- वर्तमान में वह टिंडर के CEO हैं, लैनज़ोन, गुरु गौरप्पन की जगह लेंगे, जिन्हें अपोलो के प्राइवेट इक्विटी कारोबार का वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- यह वेरिज़ॉन की घोषणा के लगभग चार महीने बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि वह याहू को अपोलो मैनेजमेंट ग्रुप को 5 बिलियन डॉलर में बेचेंगे।
- अपोलो ने 1 सितंबर को याहू, पहले वेरिज़ॉन मीडिया का अधिग्रहण पूरा किया।

**6.** अरबपति अजीज अखनौच को किस देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया_________**मोरक्को।**

**नोट:**

- राजा मोहम्मद VI ने व्यवसायी को "सरकार का प्रमुख नियुक्त किया और उन्हें एक नई सरकार बनाने का कार्य सौंपा।
- अखनौच लिबरल नेशनल रैली ऑफ मोरक्कन इंडिपेंडेंट (RNI) पार्टी के नेता हैं, जिसने संसद की 395 सीटों में से 102 सीटें जीती।
- वह पहले 2007 से 2021 तक मोरक्को के कृषि मंत्री थे और अक्वा ग्रुप के CEO हैं।

**7.** 11 सितंबर, 2021 से राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (NCLAT) का नया कार्यवाहक अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया _________ **न्यायमूर्ति एम. वेणुगोपाल।**

**नोट:**

- वह मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं और उन्हें 23 अक्टूबर, 2019 को NCLAT का न्यायिक सदस्य नियुक्त किया गया था।

- एस.जे. मुखोपाध्याय की सेवानिवृत्ति के बाद, यह लगातार तीसरी बार है कि NCLAT का संचालन एक कार्यवाहक अध्यक्ष के पास है।
- NCLAT कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 410 के तहत स्थापित एक न्यायाधिकरण है।

**8.** गुजरात के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ किसने ली ________ **भूपेंद्र पटेल।**

**नोट:**

- वे पहले ऐसे आसीन विधायक हैं जिन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए नामित किया गया।
- वह घाटलोडिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक हैं।
- विजय रूपाणी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद यह कदम उठाया गया।
- उन्होंने अहमदाबाद में मेमनगर नगर पालिका अध्यक्ष और AMC की स्थायी समिति के अध्यक्ष के पद पर कार्य किया है।

**9.** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (USFB) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी किन्हें नियुक्त किया गया _________ **संजीव बरनवाल।**

**नोट:**

- उनसे पहले, कैरल फर्टाडो उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) थीं, इससे पूर्व निवर्तमान CEO नितिन चुग ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था।
- USFB को मूल रूप से 28 दिसंबर 2004 को उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के रूप में निगमित किया गया था।

**10.** 2024 से 2027 की अवधि के लिए एशियन ऑर्गनाइजेशन ऑफ सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशन (ASOSAI) का अध्यक्ष किन्हें चुना गया _________**जी.सी. मुर्मू।**

**नोट:**

- भारत 2024 में ASOSAI की 16वीं सभा की मेजबानी करेगा।
- भारत पर्यावरण ऑडिट के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा और ऑडिट के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाएगा।
- ASOSAI इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशन (INTOSAI) का एक क्षेत्रीय समूह है।
- ASOSAI की स्थापना 1979 में हुई थी।

**11.** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (NCM) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ________ **इकबाल सिंह लालपुरा।**

**नोट:**

- उन्होंने गयोरुल हसन की जगह ली।
- इससे पहले, वह पंजाब से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता थे।
- NCM की स्थापना राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के तहत की गई थी।
- NCM में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और केंद्र सरकार द्वारा नामित पांच सदस्य होंगे।

**12.** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा तमिलनाडु का राज्यपाल किन्हें नियुक्त किया गया _______**आर.एन. रवि।**

**नोट:**

- इससे पहले वह नागालैंड के राज्यपाल थे।
- असम के वर्तमान राज्यपाल जगदीश मुखी को नई नियुक्ति होने तक उनके प्रभार के अलावा नागालैंड के राज्यपाल के कार्यों के निर्वहन हेतु नियुक्त किया गया है।

**13.** उत्तराखंड का राज्यपाल किन्हें नियुक्त किया गया ____**जनरल गुरमीत सिंह।**

**नोट:**

- लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह थलसेना उपाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।
- डिफेंस सर्विस स्टाफ कोर्स और नेशनल डिफेंस कॉलेज से स्नातक, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने चेन्नई और इंदौर दो विश्वविद्यालयों से एम.फिल किया है, इसके अलावा थल सेना से अध्ययन अवकाश के दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ चाइनीज़ स्टडीज़, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भारत-चीन सीमा मुद्दे पर एक शोध विद्वान रहे हैं।

**14.** बनवारीलाल पुरोहित को किस राज्य का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया ______ **पंजाब।**

**नोट:**

- उन्होंने लगभग चार वर्षों तक तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में कार्य किया।
- वह अत्यधिक सुर्खियों में व्याप्त और विवादास्पद राज्यपालों में से एक हैं।
- अक्टूबर 2017 में बनवारीलाल पुरोहित को तमिलनाडु का 14वां राज्यपाल नियुक्त किया गया था, जब राज्य जे. जयललिता की मृत्यु के बाद राजनीतिक संकट से जूझ रहा था।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** विदेश मंत्रालय के सहयोग से कौन सा संगठन दुनिया भर में 75 भारतीय मिशनों/दूतावासों में एक आत्मनिर्भर भारत कॉर्नर की स्थापना करेगा ___________ **TRIFED।**

**नोट:**

- पहले आत्मनिर्भर भारत कॉर्नर का 15 अगस्त, 2021 को बैंकॉक, थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास में सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया।
- उद्देश्य: यह प्राकृतिक तथा जैविक उत्पादों के अलावा GI-टैग वाली आदिवासी कला तथा शिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष स्थान होगा।

**2.** युवाओं तथा वृद्धजनों, जो 95 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं और आजादी से पहले भारत में लगभग 18 वर्ष बिता चुके हैं, के बीच पारस्परिक प्रभाव बढ़ाने के लिए 'बुजुर्गों की बात-देश के साथ' कार्यक्रम किसने लॉन्च किया, ________**जी. किशनरेड्डी।**

**नोट:**

- उद्देश्य: युवाओं और उन वृद्धजनों के बीच पारस्परिक प्रभाव को बढ़ाना, जिनकी आयु 95 वर्ष या उससे अधिक है और जिन्होंने स्वतंत्रता से पहले भारत में लगभग 18 वर्ष बिताए हैं।
- कार्यक्रम का वीडियो (60 सेकंड से कम को प्राथमिकता) रखा जाना चाहिए और इसे www.rashtragaan.in पर अपलोड किया जा सकता है।

**3.** भारत सरकार ने कोयला आधारित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया_________**आर.के. मल्होत्रा।**

**नोट:**

- टास्क फोर्स का नेतृत्व मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव करेंगे।
- इसके व्यापक कार्यक्षेत्र में प्रत्येक हितधारक मंत्रालय द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की पहचान, कोयला आधारित हाइड्रोजन उत्पादन हासिल करने की दिशा में गतिविधियों की निगरानी और उद्देश्य प्राप्ति हेतु उप समितियों का गठन शामिल है।

- वहीं दूसरी ओर, विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री के महानिदेशक आर.के. मल्होत्रा करेंगे।

**4.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भूविज्ञान के क्षेत्र में सहयोग हेतु किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी है ________**अमेरिका।**

**नोट:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।
- इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य गहराई में दबे और/या छिपे हुए खनिज भंडारों की खोज, एयरो-जियोफिजिकल डेटा कस विश्लेषण एवं व्याख्या और रूसी अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय जियोसाइंस डेटा भंडार के संयुक्त विकास पर तकनीकी सहयोग के लिए आपसी सहयोग का विस्तार करना है।

**5.** भारत के 132 शहरों में वायु प्रदूषण के विनियमन के लिए 'PRANA' नामक एक पोर्टल किसने लॉन्च किया ________**भूपेंद्र यादव।**

**नोट:**

- PRANA का अर्थ Portal for Regulation of Air-pollution in Non-Attainment cities है।
- इसे prana.cpcb.gov.in पर देखा जा सकता है।
- इसमें वे शहर शामिल होंगे जो राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के अंतर्गत आते हैं।

**6.** पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारत के किस शहर में पहला क्रियाशील स्मॉग टॉवर लॉन्च किया_________**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आनंद विहार में स्मॉग टॉवर का वर्चुअली उद्घाटन किया।
- स्मॉग टॉवर एक ऐसी संरचना है जिसे निकटवर्ती क्षेत्रों में प्रदूषण के कणों को कम करने के लिए बड़े वायु शोधक के रूप में तैयार किया गया है।
- टाटा कंपनी द्वारा निर्मित टॉवर की क्षमता 1,000 क्यूबिक मीटर प्रति सेकेंड है।

**7.** समग्र श्रेणी में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा स्थापित इंडिया रैंकिंग 2021 में कौन सा संस्थान शीर्ष पर है__________ **IIT मद्रास।**

**नोट:**

- इंजीनियरिंग, फार्मेसी, प्रबंधन, समग्र प्रदर्शन, अनुसंधान आदि सहित विभिन्न श्रेणियों के तहत रैंकिंग जारी की गई।
- समग्र श्रेणी में IIT मद्रास ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि IISc बेंगलुरु दूसरे स्थान पर रहा, इसके बाद IIT बॉम्बे तीसरे स्थान पर है।
- इस वर्ष NIRF ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की छठी वार्षिक रैंकिंग सूची जारी की है।

**8.** दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों एवं चिकित्सा उपकरणों के लिए नए विधि निर्माण हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित 8-सदस्यीय समिति के अध्यक्ष________**वी.जी. सोमानी।**

**नोट:**

- नया कानून मौजूदा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की जगह लेगा जो केवल दवाओं एवं सौंदर्य प्रसाधनों के आयात, निर्माण, वितरण और बिक्री को नियंत्रित करता है।
- नए औषधि, सौंदर्य प्रसाधन एवं चिकित्सा उपकरण अधिनियम में चिकित्सा उपकरणों के विनियमन को भी शामिल किया जाएगा।

- इसकी अध्यक्षता ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) डॉ. वी.जी. सोमानी करेंगे।

**9.** किस देश के साथ भारत ने ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के एक भाग के रूप में संयुक्त रूप से अपतटीय पवन पर उत्कृष्टता केंद्र शुरू किया ________**डेनमार्क।**

**नोट:**

- यह भारत की अपतटीय पवन ऊर्जा उत्पादन योजनाओं को गति प्रदान करने में मदद कर सकता है।
- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने 2030 तक अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं में 30 गीगावाट (GW) की वृद्धि का लक्ष्य रखा है, इसे देखते हुए, यह महत्वपूर्ण है।
- भारत की अपतटीय ऊर्जा शुल्कों को कम करने के लिए अपने 7,600 किमी समुद्र तट के किनारे विशाल पवन ऊर्जा क्षमता का उपयोग करके लाभ उठाने की योजना है।

**10.** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ड्रोन का उपयोग करके प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में दवाएं भेजने हेतु मेडिसिन्स फ्रॉम द स्काई प्रॉजेक्ट शुरू किया। यह किस राज्य की पहल है________**तेलंगाना।**

**नोट:**

- यह परियोजना तेलंगाना के विकाराबाद में शुरू की गई थी। परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में ड्रोन टीकों और अन्य दवाएं ले जाते हैं।
- पहला प्रयास स्काईएयर मोबिलिटी द्वारा अपने कंसोर्टियम पार्टनर ब्लू डार्ट एक्सप्रेस हेतु निर्मित ड्रोन द्वारा किया गया और तीन किलोमीटर दूर स्थित एक सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र में टीकों का पांच किलो का बॉक्स भेजा गया।
- 'मेडिसिन फ्रॉम द स्काई' परियोजना विश्व आर्थिक मंच, नीति आयोग और हेल्थनेट ग्लोबल के सहयोग से राज्य आईटी विभाग की उभरती हुई प्रौद्योगिकी शाखा के नेतृत्व में तेलंगाना सरकार की एक पहल है।

**11.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के किस शहर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरदारधाम भवन का उद्घाटन किया________**अहमदाबाद।**

**नोट:**

- उन्होंने सरदारधाम फेज-II कन्या छात्रालय की आधारशिला रखी।
- सरदारधाम का निर्माण 200 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।
- इसमें ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र तथा छात्राओं हेतु छात्रावास, पुस्तकालय, करियर मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा एक बहुउद्देशीय सभागार जैसी सुविधाएं हैं।

**12.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिल अध्ययन के लिए किस विश्वविद्यालय में तमिल कवि सुब्रमण्य भारती की स्मृति में पीठ स्थापित करने की घोषणा की_____**बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU)।**

**नोट:**

- पीठ BHU में कला संकाय में स्थापित की जाएगी।
- प्रधानमंत्री मोदी ने श्री भारती की 100वीं पुण्यतिथि पर यह घोषणा की।
- तमिल कवि का निधन 11 सितंबर 1921 को हुआ था।
- महाकवि नाम से विख्यात महान कवि का संबंध वाराणसी से है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा यहीं प्राप्त की।

**13.** भारत के 36000 गांवों में प्रारंभ होने वाली प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी मंत्रालय _______**जनजातीय कार्य मंत्रालय।**

**नोट:**

- योजना के तहत 50 प्रतिशत जनजातीय आबादी वाले गांवों को प्राथमिकता दी जाएगी।

- यह योजना जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की जाएगी।
- इस योजना के तहत असम के लगभग 1700 जनजातीय गांवों को आदर्श गांव बनाया जाएगा।
- 60 हजार लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए असम में आदर्श गांवों के अलावा 184 नए वन धन केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

**14.** केंद्र सरकार ने निर्दिष्ट कृषि उत्पादों के लिए परिवहन तथा विपणन सहायता योजना को संशोधित किया है और डेयरी उत्पादों को इसमें शामिल करके सहायता दरों में वृद्धि की है। यह योजना किसके द्वारा प्रशासित है________ **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय।**

**नोट:**

- इसने डेयरी उत्पादों को अपने दायरे में शामिल किया और सहायता दरों में वृद्धि की।
- संशोधित योजना के तहत बढ़ी हुई सहायता से कृषि उत्पादों के भारतीय निर्यातकों को बढ़ती माल ढुलाई और रसद लागत को पूरा करने में मदद मिलने की उम्मीद है।
- इस योजना को 31 मार्च, 2022 तक विस्तारित किया गया है।

**15.** किस मंत्रालय ने पोषण अभियान - सही पोषण देश रोशन पर एक वेबिनार का आयोजन किया _______**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय।**

**नोट:**

- पोषण (समग्र पोषण के लिए प्रधान मंत्री की सर्वसमावेशी योजना) अभियान बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण संबंधी सुधार हेतु सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है।

**16.** सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टूल डिज़ाइन (**CITD**) जिसने शंक्वाकार पटाखों (अनार) के उत्पादन हेतु स्वचालित मशीन के आविष्कार के लिए 20 वर्षों का पेटेंट प्राप्त किया, किस शहर में स्थित है ________**हैदराबाद।**

**नोट:**

- CITD ने ऑटोमेशन प्रक्रियाओं के लिए स्टैंडर्ड फायरवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड (SFPL) के साथ एक MOU पर हस्ताक्षर किए।
- पहली परियोजना के रूप में, CITD ने फ्लावर पॉट केमिकल फिलिंग-पैकिंग के लिए मॉड्यूल -1 लिया है।
- इसमें 10 अलग-अलग स्टेशन जैसे पेपर कटिंग, पेस्टिंग, केमिकल फिलिंग आदि होते हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** किस राज्य सरकार ने हर वर्ष सुधारवादी नेता ई.वी. रामासामी पेरियार की जयंती (17 सितंबर) को सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है __________ **तमिलनाडु।**

**नोट:**

- पेरियार की विचारधारा सामाजिक न्याय, स्वाभिमान, तर्कवाद और समानता थी, जिसने पिछली शताब्दी के दौरान तमिल समाज के विकास की आधारशिला रखी और यह भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

**2.** भारत के सबसे ऊंचे एयर प्यूरीफायर टॉवर का किस केंद्र शासित प्रदेश में उद्घाटन किया गया__________ **चंडीगढ़।**

**नोट:**

- टॉवर को चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति (CPCC) की पहल पर ट्रांसपोर्ट चौक, सेक्टर 26 में पायस एयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया है।
- यह देश का सबसे ऊंचा एयर प्यूरीफायर टॉवर है और लगभग 500 मीटर के दायरे में फैला है और 24 मीटर ऊंचा है।

➢ यह टॉवर आसपास के वातावरण से 3.88 करोड़ क्यूबिक फीट हवा को स्वच्छ करेगा।

**3.** किस राज्य सरकार ने स्कूल स्तर पर युवा उद्यमियों के विकास हेतु 'बिजनेस ब्लास्टर्स' कार्यक्रम शुरू किया_______ **दिल्ली।**

**नोट:**

➢ "उद्यमिता मनोदशा पाठ्यक्रम" के तहत दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में लागू होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल स्तर पर युवा उद्यमियों का विकास करना है।

➢ एक प्रायोगिक परियोजना के तौर पर सफल कार्यक्रम के एक भाग के रूप में कक्षा 11 तथा 12 के छात्रों को व्यवसाय शुरू करने के लिए 2,000 रुपये की प्रारंभिक राशि प्रदान की जाएगी।

**4.** वैश्विक बंदरगाह संचालक डीपी वर्ल्ड ने 2,000 करोड़ रुपये से राज्य में स्थापित की जा रहीं कई परियोजनाओं हेतु किस राज्य सरकार के साथ एक MoU किया ______**तमिलनाडु।**

**नोट:**

➢ डीपी वर्ल्ड ने एक फ्री ट्रेड वेयरहाउसिंग जोन (FTWZ) की स्थापना में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए सितंबर 2019 में तमिलनाडु सरकार के साथ UAE में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और बाद में वेल्लूर, पोन्नेरी तालुक, तिरुवल्लुर जिले में 125 एकड़ के क्षेत्र में इंटीग्रेटेड चेन्नई बिजनेस पार्क (ICBP) स्थापित किया। डीपी वर्ल्ड के FTWZ का उद्घाटन 20 जुलाई, 2021 को हुआ था।

➢ इन परियोजनाओं से 4,500 लोगों (1,500 प्रत्यक्ष और 3,000 अप्रत्यक्ष) के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है।

**5.** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पीएम-कुसुम के तहत ऑफ-ग्रिड सोलर पंपों की स्थापना में भारत का शीर्ष राज्य______**हरियाणा।**

**नोट:**

➢ राज्य ने वर्ष 2020-21 हेतु 15,000 स्वीकृत पंपों में से कुल 520 करोड़ रुपये की लागत से 14,418 पंप लगाए हैं।

➢ पीएम-कुसुम योजना: यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे 2019 में 20 लाख स्टैंडअलोन सोलर पंप स्थापित करने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था।

➢ हरियाणा को वर्ष 2020-21 के लिए कुल 520 करोड़ रुपये की लागत से 15,000 पंपों का लक्ष्य दिया गया था।

**6.** किस राज्य सरकार ने लघु अनाज फसलों हेतु किसानों को उचित मूल्य दर देने के लिए 'बाजरा मिशन' शुरू किया ______**छत्तीसगढ़।**

**नोट:**

➢ यह कदम राज्य को भारत का बाजरा केंद्र बनाने के मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता के अनुरूप है।

➢ बाजरा मिशन के तहत अन्य महत्वपूर्ण लाभों में बाजरे हेतु निविष्टि में सहायता, खरीद व्यवस्था, फसल प्रसंस्करण में किसानों की सहायता और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि किसानों को विशेषज्ञों की विशेषज्ञता का लाभ मिले।

**7.** अंतरिक्ष प्रक्षेपण यानों के उपतंत्रों एवं प्रणालियों के विकास तथा परीक्षण हेतु इसरो की सुविधाओं और विशेषज्ञता तक पहुंच की प्राप्ति हेतु इसरो के साथ औपचारिक समझौता करने वाली पहली निजी कंपनी_____**स्काईरूट एयरोस्पेस।**

**नोट:**

- स्काईरूट एयरोस्पेस छोटे सैटेलाइट को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए रॉकेटों की विक्रम श्रृंखला का निर्माण कर रही है।
- श्रृंखला का पहला प्रक्षेपण यान, विक्रम-1, 2022 में लॉन्च होगा।
- यह समझौता स्काईरूट को इसरो के विभिन्न केंद्रों पर कई परीक्षण करने और सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा और प्रक्षेपण यान के निर्माण में हर तरह से सहायता करेगा।

**8.** भारत की सबसे बड़ी ओपन-एयर फर्नरी (पर्णांगशाला) का उद्घाटन किस राज्य में किया गया______**उत्तराखंड।**

**नोट:**

- यह फर्न प्रजातियों के संरक्षण के साथ-साथ उनकी पारिस्थितिक भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के दोहरे उद्देश्य की पूर्ति करेगा, जिससे अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।
- इसमें लगभग 120 प्रकार के फर्न हैं, जो 1,800 मीटर की ऊंचाई पर 4 एकड़ से अधिक भूमि के क्षेत्र पर आच्छादित हैं।
- फर्नरी को सरकार की क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) योजना के तहत विकसित किया गया है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** पैसिफिक एयर चीफ्स सिम्पोजियम 2021 (PACS-21) कहां आयोजित किया गया था________**हवाई।**

**नोट:**

- इसने प्रतिभागी राष्ट्रों के बीच आपसी समझ को बढ़ाने और संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।
- PACS-21 के प्रतिभागियों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के वायु सेना प्रमुख शामिल थे।
- भारत से, एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया, वायुसेनाध्यक्ष (CAS) ने PACS-21 में भाग लिया। उन्हें सिम्पोजियम का डीन मनोनीत किया गया था।

**2.** हवा से कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) को सोखने और इसे चट्टान में बदलने के लिए तैयार किए गए दुनिया के सबसे बड़े संयंत्र ने कहां पर अपना परिचालन शुरू किया________**आइसलैंड।**

**नोट:**

- इस योजना का नाम Orca या orka है जिसका अर्थ है ऊर्जा।
- इसे स्विस स्टार्टअप क्लाइमवर्क्स एजी और आइसलैंड की कार्बन स्टोरेज फर्म कार्बफिक्स द्वारा विकसित किया गया है।
- इसमें चार इकाइयां होती हैं, प्रत्येक दो धातु के बॉक्स से बनी होती है, जो समुद्री परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले कंटेनरों के समान होते हैं।

**3.** डेनमार्क के सहयोग से, किस राज्य ने एक ऊर्जा द्वीप बनाने की योजना बनाई है ______**तमिलनाडु।**

**नोट:**

- यह योजना बनाई गई थी क्योंकि तमिलनाडु हरित ऊर्जा क्षेत्र में अपनी पैठ बढ़ाना चाहता है।
- इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए डेनमार्क राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5-10 बिलियन डॉलर का निवेश कर सकता है। इसमें मन्नार की खाड़ी में एक ऊर्जा द्वीप हेतु निवेश भी शामिल है।
- इस निवेश से, द्वीप 4-10 गीगावाट ऊर्जा का उत्पादन करने में सक्षम होगा।

**4.** सितंबर 2021 में, भारत ने किस देश के साथ पहला 'टू-प्लस-टू डायलॉग' शुरू किया ______**ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पीटर डटन और मारिसे पायने के साथ वार्ता की।
- 'टू-प्लस-टू' वार्ता में, दोनों पक्षों ने एक स्वतंत्र, खुले तथा समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में काम करने का संकल्प लिया, जो एक ऐसा क्षेत्र है जहां चीनी हस्तक्षेप बढ़ रहा है।
- भारत ऑस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और रूस के साथ ऐसी वार्ता करता है।

**5.** उत्तर कोरिया ने कहां तक मार करने में सक्षम लंबी दूरी की नई क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है_____**जापान।**

**नोट:**

- परीक्षण के दौरान, मिसाइल ने 1,500 किमी की दूरी तय की, जिससे पता चलता है कि उत्तर कोरिया खाद्य अभाव तथा आर्थिक संकट के बावजूद अभी भी हथियार विकसित करने में सक्षम है।
- यह कोरिया की पहली लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल है जो संभवतः परमाणु हथियार ले जा सकती है।

**6.** भारत ने जलवायु एवं पर्यावरण पर द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने हेतु किस देश के साथ क्लाइमेट एक्शन एंड फाइनेंस मोबिलाइजेशन डायलॉग (**CAFMD**) शुरू किया _____**अमेरिका।**

**नोट:**

- CAFMD अप्रैल 2021 में लीडर्स समिट ऑन क्लाइमेट में लॉन्च भारत-अमेरिका जलवायु एवं स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 भागीदारी के दो ट्रैक में से एक है।
- राष्ट्रीय परिस्थितियों एवं संधारणीय विकास प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह प्रदर्शित करेगा कि कैसे दुनिया समावेशी एवं लचीले आर्थिक विकास के साथ तीव्र जलवायु कार्यवाही को संरेखित कर सकती है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** पवई झील संरक्षण तथा पुनर्वास परियोजना के लिए किसे 2021 इंटरनेशनल यंग इको-हीरो नामित किया गया _______**अयान संकटा।**

**नोट:**

- वह दुनिया भर के 25 युवा पर्यावरण कार्यकर्ताओं में से एक हैं जिन्हें एक्शन फॉर नेचर (AFN) द्वारा 2021 इंटरनेशनल यंग इको-हीरो के रूप में सम्मानित किया गया है।
- वे 8-14 आयु वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे।
- यह पुरस्कार 8 से 16 वर्ष की आयु के पर्यावरण के प्रति जागरूक ऐसे युवाओं को सम्मानित करता है जो कठिन पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं।

**2.** अफ्रीका फोरम फॉर ग्रीन रेवोल्यूशन (AGRF)-2021 शिखर सम्मेलन में उप-सहारा अफ्रीका में 13 देशों में बेहतर खाद्य सुरक्षा हेतु किस संगठन को 2021 अफ्रीका फूड प्राइज़ से सम्मानित किया गया ________**ICRISAT।**

**नोट:**

- ICRISAT: यह एशिया तथा उप-सहारा अफ्रीका में विकास के लिए एक गैर-लाभकारी, गैर-राजनीतिक सार्वजनिक कृषि अनुसंधान है जिसमें अनेक भागीदार हैं।
- ICRISAT ने 2007 और 2019 के बीच ट्रॉपिकल लेग्यूम्स प्रॉजेक्ट वितरण के लिए सहकार्य भागीदारों का नेतृत्व किया।

**3.** फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड 2021 के लिए किसे चुना गया_______**भानुमति घीवाला।**

**नोट:**

- वह वडोदरा के सर सयाजीराव जनरल हॉस्पिटल में काम करती हैं।

- वह कोविड-19 पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं के प्रसव सहित नवजात शिशुओं की देखभाल भी करती रही हैं।
- फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार सशस्त्र संघर्ष या प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के प्रति असाधारण साहस एवं समर्पण को सम्मानित करता है।

**4.** शिक्षा के प्रति अपने नवीन दृष्टिकोण के लिए किस संस्थान ने यूनेस्को से वैश्विक सम्मान किंग सेजोंग लिट्रेसी अवॉर्ड प्राप्त किया _______**नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS)।**

**नोट:**

- यह सम्मान प्रौद्योगिकी-सक्षम समावेशी शिक्षण सामग्री द्वारा दिव्यांगजनों को शिक्षित करने हेतु दिया गया।
- NIOS की पहल में भारतीय सांकेतिक भाषा आधारित सामग्री पर विशेष ध्यान दिया गया है।
- निर्णायक समिति ने NIOS को किंग सेजोंग लिट्रेसी अवॉर्ड प्रदान करके, उसके डिजिटल मोड के माध्यम से सांकेतिक भाषा में शिक्षण सामग्री विकसित करके PwD शिक्षार्थियों की अद्वितीय शैक्षणिक और भाषा आवश्यकताओं की पूर्ति करने के महत्व को सम्मानित किया।

## खेल समाचार

**1.** एमा रादुकानु, जिन्होंने कनाडा की लेला फर्नांडीज को हराकर 2021 यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल खिताब जीता, किस देश से हैं______**ब्रिटेन।**

**नोट:**

- ब्रिटिश खिलाड़ी एमा ने न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में आयोजित फाइनल मैच में अपनी कनाडा की प्रतिद्वंद्वी लेला फर्नांडीज को हराया।
- वह 53 वर्ष में खिताब जीतने वाली पहली ब्रिटिश महिला बनीं।
- रादुकानु 44 वर्षों में ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाली पहली ब्रिटिश महिला भी बनीं।

**2.** 2021 यूएस ओपन पुरुष एकल टेनिस खिताब किसने जीता_________**डेनिल मेदवेदेव।**

**नोट:**

- 2019 यूएस ओपन उपविजेता मेदवेदेव ने अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।
- मेदवेदेव 1996 फ्रेंच ओपन तथा 1999 ऑस्ट्रेलियन ओपन में येवगेनी केफेलनिकोव और 2000 यूएस ओपन तथा 2005 ऑस्ट्रेलियन ओपन में मराट सफीन के बाद ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले तीसरे रूसी व्यक्ति बने।

**3.** ऑटोड्रोमो नाज़ियोनेल मोंज़ा में आयोजित फॉर्मूला वन इटालियन ग्रैंड प्रिक्स 2021 का खिताब किसने जीता _______**डेनियल रिकियार्डो।**

**नोट:**

- मैकलारेन की 9 वर्ष में यह पहली जीत है।
- लैंडो नॉरिस (मैकलारेन-मर्सिडीज) दूसरे स्थान पर रहे, उनके बाद वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज) थे।
- लुईस हैमिल्टन और मैक्स वेर्स्टाप्पेन भिड़ंत के कारण इटैलियन ग्रैंड प्रिक्स 2021 से बाहर हो गए।
- यह 2021 F1 वर्ल्ड चैम्पियनशिप का 14वां राउंड था और इटली में सत्र की दूसरी ग्रैंड प्रिक्स थी।

**4.** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) ने किस देश को 2022 बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक से औपचारिक रूप से निलंबित कर दिया________ **उत्तर कोरिया।**

**नोट:**

- IOC के अध्यक्ष थॉमस बाच ने कहा कि उत्तर कोरियाई राष्ट्रीय ओलंपिक संस्था अब पिछले ओलंपिक से देय धनराशि का जुर्माना भी देगी। अनिर्दिष्ट राशि (संभवत: मिलियन डॉलर) अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण रोक दी गई थी।

5. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा आगामी ICC T20 विश्व कप 2021 के लिए टीम इंडिया का मेंटर किन्हें नियुक्त किया गया _____**एम.एस. धोनी।**

**नोट:**

- एम.एस. धोनी ने 15 अगस्त, 2020 को सीमित ओवरों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।
- धोनी ने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 ICC विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।
- धोनी, जो चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान हैं, तीन बार के IPL विजेता कप्तान हैं और तीन प्रमुख ICC ट्राफियां - वर्ल्ड T20, चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व कप घर लाए हैं।

6. खेल में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के सम्मान में प्रतिष्ठित 10-वर्षीय दुबई गोल्डन वीज़ा प्राप्त करने वाले दुनिया के पहले पेशेवर गोल्फर ________**जीव मिल्खा सिंह।**

**नोट:**

- 49 वर्षीय जीव का दुबई के साथ लंबा संपर्क रहा है, वह शहर में आयोजित कई टूर्नामेंटों में भाग ले चुके हैं और वहां उनके कई दोस्त हैं।
- यूरोपीय टूर पर चार खिताब, जापान गोल्फ टूर पर चार खिताब और एशियाई टूर पर छह खिताब जीतने वाले जीव को एक विशिष्ट पेशेवर एथलीट होने चलते 10 वर्ष का 'गोल्ड कार्ड' मिला है।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. 'ह्यूमन राइट्स एंड टेररिज्म इन इंडिया' पुस्तक किसने लिखी है ______**सुब्रमण्यम स्वामी।**

**नोट:**

- उन्होंने 'ह्यूमन राइट्स एंड टेररिज्म इन इंडिया' पुस्तक विमोचित की है जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे आतंकवाद से मुकाबले को संविधान से स्वीकृति तथा सर्वोच्च न्यायालय से समर्थन प्राप्त उचित प्रतिबंधों के तहत मानव और मौलिक अधिकारों के साथ सुसंगत बनाया जा सकता है।

2. "बुलेट्स ओवर बॉम्बे: सत्या एंड द हिंदी फिल्म गैंगस्टर" पुस्तक के लेखक ______**उदय भाटिया।**

**नोट:**

- पुस्तक राम गोपाल वर्मा, अनुराग कश्यप, मनोज बाजपेयी, विशाल भारद्वाज, सौरभ शुक्ला से प्राप्त कथनों से संबंधित है।
- उदय भाटिया दिल्ली में मिंट लाउंज में फिल्म समीक्षक हैं। उन्होंने इससे पहले टाइम आउट दिल्ली और द संडे गार्जियन के साथ काम किया है।
- उनके लेखन द कारवां, जीक्यू, द इंडियन क्वार्टरली, द इंडियन एक्सप्रेस और द हिंदू बिजनेस लाइन में छापे गए हैं।

3. “गीता गोविंदा: जयदेवास डिवाइन ओडिसी” पुस्तक किसने लिखी ______**डॉ. उत्पल के. बनर्जी।**

**नोट:**

- यह पुस्तक 12वीं शताब्दी के महान कवि जयदेव की पुस्तक गीतागोविंदम का पहला पूर्ण-तुकांत अनुवाद है।

- केंद्रीय मंत्री ने 'बुजुर्गों की बात-देश के साथ' नामक एक कार्यक्रम भी शुरू किया, जिसका उद्देश्य उन युवाओं और ऐसे बुजुर्गों के बीच बातचीत को बढ़ाना है, जिनकी आयु 95 वर्ष या उससे अधिक है और उन्होंने आजादी से पहले भारत में लगभग 18 वर्ष बिताए हैं।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. DRDO ने भारतीय वायु सेना (IAF) को मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (MRSAM) प्रणाली की पहली फायरिंग यूनिट (FU) सौंपी। मिसाइल को संयुक्त रूप से DRDO और किस एयरोस्पेस निर्माता द्वारा विकसित किया गया है________**इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज।**

**नोट:**

- MRSAM एक उन्नत नेटवर्क केंद्रित कॉम्बैट एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे संयुक्त रूप से DRDO और इज़राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) द्वारा निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों के साथ-साथ भारत के MSME उद्योग के सहयोग से विकसित किया गया था।
- यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी लंबाई 4.5 मीटर है। MRSAM कार्यक्रम के लिए अनुबंध पर फरवरी 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे। अनुबंध के तहत, IAF को 2 बिलियन डॉलर की कीमत पर 450 MRSAM और 18 फायरिंग यूनिट खरीदना था।

2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने किस राज्य के राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया _______**राजस्थान।**

**नोट:**

- इस अवसर पर, भारतीय वायु सेना (IAF) का C-130J सुपर हरक्यूलिस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट राजस्थान के जालोर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आपातकालीन क्षेत्र में उतरा गया।
- यह पहली बार है; जब भारतीय वायुसेना के विमानों की आपात लैंडिंग के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का उपयोग किया गया।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने IAF की देखरेख में NH-925A पर सट्टा-गंधव स्ट्रेच का तीन किलोमीटर लंबा खंड विकसित किया है।
- यह बाड़मेर (राजस्थान) में सट्टा-गंधव और गगरिया-बखासर खंड के नए विकसित टू-लेन स्ट्रेच का एक हिस्सा है।

3. भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए हाई ऐश कोल गैसीफिकेशन आधारित मेथनॉल उत्पादन संयंत्र का उद्घाटन कहां किया गया________ **हैदराबाद।**

**नोट:**

- इस संयंत्र को नीति आयोग, पीएमओ-भारत और कोयला मंत्रालय की पहल पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित किया गया था।
- यह 1.2 TPD फ्लूडाइज्ड बेड गैसीफायर का उपयोग करके हाई ऐश इंडियन कोल से 0.25 टन प्रति दिन (TPD) मेथनॉल बना सकता है।
- उत्पादित कच्चे मेथेनॉल की शुद्धता 98 से 99.5% के बीच होती है।

**--------------0--------------**

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card

